बच्चों के लिए बाइबिल

प्रस्तुति

जब परमेश्वर ने सभी चीजों की रचना की

लेखक : Edward Hughes

व्याख्याकार : Byron Unger; Lazarus

अनुवाद : info@christian-translation.com

रूपान्तरकार : Bob Davies; Tammy S.

60 कहानियों में से 1 (पहला)

www.M1914.org

Bible for Children, *PO Box 3, Winnipeg, MB R3C 2G1 Canada*

अनुज्ञापत्र (लाइसेंस): आप इन कहानियों की छाया प्रति और मुद्रण करवा सकते हैं, बशर्ते कि बेचें नहीं।

हिन्दी Hindi

हमारी रचना किसने की? बाइबिल में परमेश्वर द्वारा मनुष्य के प्रादुर्भाव के संबंध में कहा गया है। बहुत प्राचीन काल में परमेश्वर ने आदि मनुष्य की रचना की जिसे आदम नाम दिया गया।



1

परमेश्वर ने मिट्टी के धूल से आदम का निर्माण किया। जब परमेश्वर ने उसमें प्राणवायु दिया तो वह जीवित हो उठा। वह अपने आपको एक सुन्दर गार्डेन में पाया जो ईडन नाम से जाना जाता था।



2

परमेश्वर द्वारा आदम की रचना करने से पूर्व उन्होंने बहुत ही आश्चर्यजनक चीजों से भरपूर एक बहुत ही सुन्दर दुनिया की रचना की।



3

धीरे-धीरे उन्होंने पहाड़ी घाटी और घास का मैदानी इलाका, लम्बे-लम्बे वृक्ष तथा सुगंधित फूल, सुनहरे पंखों वाली पक्षियाँ तथा गुनगुनाती हुई मधुमक्खियाँ, विशालकाय ह्वेल और चिकने घोंघा आदि। वास्तव में जो भी चीज यहाँ है, परमेश्वर ने सभी चीजों की रचना की।



4

आरंभ में कुछ भी निर्माण से पूर्व यहाँ परमेश्वर के सिवा कुछ भी न था। कोई वस्तु, स्थान और लोग, कुछ भी नहीं। न अँधकार न प्रकाश। न ऊपर न नीचे। न आज न कल। यहाँ केवल परमेश्वर था जिसने शुरूआत नहीं किया था। फिर परमेश्वर ने कार्य करना शुरू किया।



5

आरंभ में, परमेश्वर ने धरती और स्वर्ग की रचना की।



6

और पृथ्वी बिना किसी आकृति और शून्यता के था। और आकृतियों पर गहरा अँधकार था। तब परमेश्वर ने कहा। “चलो यहाँ प्रकाश करते हैं।”

7

और वहाँ प्रकाश हुआ। परमेश्वर ने प्रकाश को दिन और अँधेरा को रात कहा। और सुबह और शाम प्रथम दिन हुए।



8

दूसरे दिन परमात्मा ने स्वर्ग के तहत समुद्र, महासागर तथा झीलों से पानी लाया। तीसरे दिन परमात्मा ने कहा “चलो सूखी धरती दिखायी देने दो।” और ऐसा ही हुआ।



9

परमात्मा ने घास और फूल तथा झाड़ी और पेड़ भी दिखायी देने का आदेश दिया। और वह सब दिखायी देने लगा। और यह सुबह और शाम तीसरा दिन था।



10

इसके बाद परमेश्वर ने सूर्य, चाँद और असंख्य तारे बनाए जिसे कोई भी गिन नहीं सकता। और यह सुबह और शाम चौथा दिन था।

11

परमात्मा की सूची में अब दूसरी चीजें थी समुद्री प्राणी, मछली तथा पक्षियाँ। पाँचवें दिन उन्होंने विशाल स्वॉरडफिस और छोटी मछलियाँ बनायी, लम्बे पैरों वाला शुतुरमुर्ग और चहचहाती हुई छोटी सी पक्षी। परमेश्वर ने अनेक प्रकार की मछलियाँ तथा पक्षियाँ बनाया जो धरती, आकाश और समुद्र में खुशीपूर्वक रह सके। और यह सुबह और शाम पाँचवाँ दिन था।



12

इसके बाद परमेश्वर ने पुनः कहा। कहा कि, “चलो अब पृथ्वी पर अन्य सजीव प्राणी लाते हैं ...” सभी प्रकार के पशु, कीड़े-मकोड़े तथा रेंगने वाले प्राणी अस्तित्व में आए। इनमें धरती को हिला देनेवाले हाथी और व्यस्त उदबिलाव भी थे। शरारती बंदर और भद्दा मगरमच्छ। कुलबुलाते हुए कीड़े और ढीठ गिलहरी। झुंड में रहने वाले जिराफ़ और म्याऊँ करती बिल्लियाँ। उस दिन प्रत्येक प्रकार के पशुओं की रचना परमेश्वर द्वारा की गई। और यह सुबह और शाम छठा दिन था।



13

परमेश्वर ने छठे दिन इसके अलावा भी कुछ किया — कुछ खास। अब मनुष्य के लिए प्रत्येक वस्तु तैयार था। यहाँ खाने को जमीन पर अनाज था और सेवा करने के लिए पशु। और परमेश्वर ने कहा, “चलो अब मनुष्य को हम अपनी प्रतिकृति देते हैं” उसे पृथ्वी के समस्त प्राणियों का स्वामी बनाते हैं। इस तरह परमेश्वर ने अपनी ही प्रतिकृति में मनुष्य की रचना की, परमेश्वर की प्रतिकृति में उन्होंने उनको बनाया ...

14





जब परमेश्वर ने सभी चीजों की रचना की

बाइबिल से, परमेश्वर के वाणी में कहानी

में पाया गया

जेनेसिस 1-2

“जो आपके जीवन में प्रकाश देता है।”
प्लाज्म 119:130

ईश्वर (परमेश्वर) जानता है कि हमने ऐसे गुनाह किए हैं जिन्हें वह पाप कहता है. पाप की सज़ा मौत है.

ईश्वर (परमेश्वर) हमसे इतना प्रेम करता है कि उसने अपने पुत्र यीशु को भेजा कि हमारे पापों की सज़ा के रूप में वह टिकटी (क्रॉस) पर चढ़ कर अपने प्राणों की बलि दे दे. यीशु मरकर फिर जीवित हुआ और पुन: स्वर्ग चला गया. ईश्वर (परमेश्वर) अब हमारे पापों को क्षमा कर सकता है.

यदि आप अपने गुनाहों और पापों से बचना चाहते हैं तो उससे दुआ करें; प्रिय ईश्वर (परमेश्वर) मुझे विश्वास है कि यीशु ने मेरे लिए अपने जीवन की बलि दी और अब पुन: जीवित हुआ है. हे ईश्वर (परमेश्वर) तू मेरी ज़िंदगी में आ और मेरे पापों को माफ कर दे ताकि मैं एक नई ज़िंदगी जी सकूं और हमेशा हमेशा के लिए तेरे साथ रह सकूं. हे ईश्वर (परमेश्वर) मेरी मदद कर ताकि मैं तेरी संतान के रूप में तेरे लिए जी सकूं.
आमीन. जॉन 3:16

बाइबल पढ़ें और प्रतिदिन ईश्वर (परमेश्वर) से बात करें.